CIN: L15421MP2011PLC027287
GSTIN: 23AAGCP3350D1ZW

PSPL

**Parvati Sweetners And Power Limited**

Registered Office: Hall No. 2. Shopping Complex, Gomantika Parisar, Jawahar Chowk, Bhopal- 462003 (MP) Ph. No. 0755 – 4236666, Email: info@parvatisweetners.com

Date: 17th February, 2020

**To,**
**BSE Limited,**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai – 400 001

**Scrip Code: 541347** **Symbol: PARVATI** **ISIN: INE295Z01015**

Dear Sir(s),

**Subject: Newspaper Publication of Unaudited financial results for the Third Quarter ended 31st December, 2019, pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of unaudited financial results for the third quarter ended December 31, 2019, as per regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 published in the Newspapers viz –Business Standard (English) and Business Standard (Hindi) viz.- 17th February, 2020.

We request you to kindly take the above information on records.

Thanking You

Yours Faithfully

**For Parvati Sweetners and Power Limited**

**Deepak Chhugani**
**Company Secretary**

PARVATI SWEETNERS AND POWER LIMITED BHOPAL

## संक्षेप में

### डीएलएफ जुटाएगी दो हजार करोड़ रुपये

रियल्टी कंपनी डीएलएफ कुछ व्यावसायिक भूखंडों की बिक्री कर 2 हजार करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने निवेशकों के समक्ष एक प्रस्तुति में इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि वह इन भूखंडों को मौजूदा संयुक्त उपक्रमों के साझेदारों अथवा नए साझेदारों को बेचेगी। दिसंबर तिमाही के अंत तक उसके ऊपर 4,866 करोड़ रुपये का शुद्ध कर्ज बकाया था। डीएलएफ ने कहा कि मौजूदा साझेदारों अथवा नए साझेदारों को कुछ व्यावसायिक भूखंडों की बिक्री कर करीब 1,750 करोड़ रुपये से 2 हजार करोड़ रुपये तक जुटाए जा सकते हैं। *भाषा*

# भारत में विफलता से वोडाफोन के खिसक जाएंगे आधे ग्राहक

**सुरजीत दास गुप्ता**
नई दिल्ली, 16 फरवरी

**भारतीय** बाजार में बने रहें अथवा नहीं? वोडाफोन समूह अपने भारतीय संयुक्त उद्यम वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के संदर्भ में फिलहाल इस लाख टके के सवाल से जूझ रहा है। करीब 50,000 करोड़ रुपये के एजीआर बकाये के भुगतान में विफल रहने पर सर्वोच्च न्यायालय की लताड़ लगने के बाद शनिवार को कंपनी ने कहा कि वह फिलहाल गणना कर रही है कि वह कितना भुगतान कर सकती है और सर्वोच्च न्यायालय में अगली सुनवाई से पहले कुछ भुगतान जरूर करेगी।

वर्ष 2007 में जब वोडाफोन पीएलसी के पूर्व सीईओ अरुण सरीन ने हचिसन एस्सार में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा था कि उन्होंने उचित मूल्य पर यह परिसंपत्ति हासिल की है लेकिन उम्मीद की गई थी कि यह आगामी वर्षों में वोडाफोन पीएलसी को उल्लेखनीय योगदान करेगी। ऐसा हुआ भी, लेकिन उसकी राह कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई। ग्राहक आधार के संदर्भ में वोडाफोन पीएलसी के लिए यह हीरों वाला ताज है। लेकिन वित्तीय मोर्चे पर ब्रिटेन की कंपनी के मुनाफे में इसने कोई वास्तविक योगदान नहीं किया।




दुनिया भर में वोडाफोन समूह का ग्राहक आधार 30 सितंबर 2019 तक 62.5 करोड़ था जिसमें उसके संयुक्त उद्यम एवं सहायक इकाइयां भी शामिल थीं। इस प्रकार वह ग्राहकों की संख्या के लिहाज से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई। लंदन की इस कंपनी ने हमेशा से अपने वैश्विक विस्तार पर ध्यान दिया और अब वह 42 मोबाइल नेटवर्क एवं साझेदारी के साथ 24 देशों में मौजूद है।

वास्तव में वोडाफोन का करीब आधा ग्राहक आधार महज एक देश यानी भारत में है जहां आदित्य बिड़ला समूह के साथ उसका संयुक्त उद्यम वोडाफोन आइडिया है। इस संयुक्त उद्यम में वोडाफोन पीएलसी की 42 फीसदी हिस्सेदारी है और उसके ग्राहकों की संख्या करीब 33.6 करोड़ है। इस प्रकार ग्राहकों की संख्या के लिहाज से वोडाफोन आइडिया के बिना वोडाफोन समूह का आकार काफी घट जाएगा और वह भारती एयरटेल (41 करोड़ ग्राहक) एवं रिलायंस जियो (36.9 करोड़ ग्राहक) से भी छोटी हो जाएगी।

वोडाफोन का दूसरा सबसे बड़ा बाजार अफ्रीका है जहां वह अपने संयुक्त उद्यम वोडाकॉम के जरिये कारोबार करती है। वोडाकॉम करीब 11.7 करोड़ ग्राहक आधार के साथ कई देशों में कारोबार कर रही है। वर्ष 2019 के लिए स्टैटिस्टा के आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में वोडाफोन के ग्राहकों की संख्या करीब 1.72 करोड़ है जबकि जर्मनी में 2.95 करोड़ और स्पेन में करीब 1.37 करोड़ है। सरीन की उम्मीद के विपरीत वोडाफोन को भारत में अपने काफी निवेश को बट्टेखाते में डालना पड़ा जिसका असर उसके वैश्विक वित्तीय नतीजे पर पड़ा। वर्ष 2010 और 2016 के बीच कंपनी को करीब 6,300 करोड़ रुपये को बट्टेखाते में डालना पड़ा जो भारतीय अधिग्रहण की रकम का करीब दो-तिहाई है।

# दूरसंचार कंपनियां आज करेंगी भुगतान: विभाग

**एजेंसियां**
नई दिल्ली, 16 फरवरी

**भारती** एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और टाटा टेलीसर्विसेज यानी सभी दूरसंचार कंपनियां दंडात्मक कार्वाई से बचने के लिए सोमवार को समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के तहत बकाए का भुगतान कर सकती हैं। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है।

तीनों कंपनियों पर संयुक्त रूप से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का एजीआर बकाया है। हालांकि, इन कंपनियों ने दूरसंचार विभाग को आंशिक भुगतान की सूचना दी है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और टाटा टेलीसर्विसेज ने कहा है कि वे सोमवार को भुगतान करेंगी। दूरसंचार विभाग कंपनियों द्वारा किए गए भुगतान का मूल्यांकन करने के बाद आगे की कार्वाई करेगा।

भारती एयरटेल ने इससे पहले शुक्रवार को दूरसंचार विभाग को 20 फरवरी तक 10 हजार करोड़ रुपये का भुगतान करने की पेशकश की थी। हालांकि, दूरसंचार विभाग ने समयसीमा में अब कोई छूट देने से स्पष्ट इनकार कर दिया। वोडाफोन आइडिया ने शनिवार को कहा कि वह एजीआर बकाए को लेकर कितना भुगतान किया जा सकता है, इसका आकलन कर रही है।

उच्चतम न्यायालय ने 24 अक्टूबर 2019 को दिए फैसले में कहा था कि दूरसंचार कंपनियों पर सम्मिलित रूप से 1.47 लाख करोड़ रुपये का एजीआर बकाया है। इन कंपनियों को उच्चतम न्यायालय ने 23 जनवरी तक बकाए का भुगतान करने को कहा था। हालांकि रिलायंस जियो को छोड़ किसी भी कंपनी ने अभी तक भुगतान नहीं किया है। सरकारी कंपनियां बीएसएनएल और एमटीएनएल ने भी अब तक भुगतान नहीं किया है। उपलब्ध अंतिम अनुमान के हिसाब से एयरटेल पर 35,586 करोड़ रुपये, वोडाफोन आइडिया पर 53 हजार करोड़ रुपये, टाटा टेलीसर्विसेज पर 13,800 करोड़ रुपये, बीएसएनएल पर 4,989 करोड़ रुपये और एमटीएनएल पर 3,122 करोड़ रुपये का एजीआर बकाया है। कुल 1.47 लाख करोड़ रुपये में से करीब 1.13 लाख करोड़ रुपये वसूले जा सकते हैं। शेष राशि जिन कंपनियों पर बकाया है, वे कंपनियां कारोबार पहले ही समेट चुकी हैं। रिलायंस कम्युनिकेशंस और एयरसेल इस समय दिवाला प्रक्रिया के तहत चल रही हैं।

# आर्सेलर-निप्पॉन संयुक्त उद्यम का दांव

## एएम/एनएस इंडिया एडलवाइस से भंडर बिजली संयंत्र खरीदने की तैयारी में

**ईशिता आयान दत्त**
कोलकाता, 16 फरवरी

**आ**र्सेलरमित्तल और निप्पॉन स्टील की संयुक्त उद्यम कंपनी एएम/एनएस इंडिया एडलवाइस एआरसी से भंडर बिजली संयंत्र के अधिग्रहण के लिए बातचीत कर रही है। दोनों पक्षों के बीच बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। गुजरात के हजीरा में स्थित 500 मेगावॉट क्षमता का प्राकृतिक गैस आधारित यह संयंत्र एस्सार स्टील संयंत्र के लिए निजी बिजली संयंत्र है और हाल तक इसका स्वामित्व एस्सार समूह के प्रवर्तक रुइया परिवार के पास था।

भंडर बिजली संयंत्र की बिक्री सरफेसी कानून के तहत एडलवाइस के जरिये की जा रही है। एडलवाइस के करीबी लोगों ने कहा, 'भंडर बिजली संयंत्र काफी अच्छी परिसंपत्ति है। हम जल्द ही यह सौदा पूरा होने की उम्मीद कर रहे हैं।' हालांकि उन्होंने कहा कि इस सौदे को अंतिम रूप देना अभी बाकी है। एएएम एनएस इंडिया ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार किया।

एस्सार के एक अधिकारी ने कहा, 'हम इस संयंत्र को 475 करोड़ रुपये में एडलवाइस को बेचने की पुष्टि करते हैं। लेनदारों को उनके पूरे बकाये की वसूली हो जाएगी।'

एस्सार की यह पहल उन प्रयासों का हिस्सा है जिनके तहत समूह अपना ऋण बोझ घटा रहा है। अधिकारी ने कहा, 'हम पिछले दो वर्षों के दौरान 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण बोझ पहले ही घटा चुके हैं जो किसी भारतीय कंपनी के लिए सबसे बड़ी रकम है।'

### निजी बिजली सुनिश्चित करने की पहल



- इस सौदे का उद्देश्य 96 लाख टन इस्पात उत्पादन की क्षमता वाले इस संयंत्र को आत्मनिर्भर बनाना है
- एस्सार समूह ने अपने बिजली पोर्टफोलियो में करीब 60 फीसदी ऋण बोझ घटाने का लक्ष्य रखा है

अधिकारी ने कहा, 'समूह के स्तर पर शेष ऋण बोझ मुख्य तौर पर बिजली कारोबार से संबंधित है और हम उसमें भी उल्लेखनीय कमी करने जा रहे हैं। भंडर बिजली संयंत्र की बिक्री एडलवाइस को करना उसी दिशा में उठाया गया कदम है।' एस्सार समूह ने अपने बिजली पोर्टफोलियो में करीब 60 फीसदी यानी करीब 12,000 करोड़ रुपये का ऋण बोझ घटाने का लक्ष्य रखा है।

दिसंबर में एस्सार स्टील का अधिग्रहण आर्सेलरमित्तल और निप्पॉन स्टील के संयुक्त उद्यम ने दिवालिया कानून के तहत 42,000 करोड़ रुपये में किया। हालांकि एस्सार स्टील की परिसंपत्तियों में इस इस्पात संयंत्र की कुछ सहायक इकाइयां शामिल नहीं थीं जैसे स्लरी पाइपलान, बिजली संयंत्र और बंदरगाह प्रतिष्ठान आदि। भंडर बिजली संयंत्र का अधिग्रहण एएम/एनएस इंडिया की उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत उसने निजी संसाधन सुनिश्चित करने और मार्जिन बढ़ाने की योजना बनाई है। गैस आधारित यह बिजली संयंत्र उसके इस्पात संयंत्र के लिए निजी बिजली की आपूर्ति का एक प्रमुख साधन होगा।

आर्सेलरमित्तल के अध्यक्ष एवं ग्रुप सीएफओ आदित्य मित्तल ने हाल में निवेशकों से बातचीत में कहा था कि इक्विटी निवेश के कारण एस्सार स्टील के बहीखाते पर कुछ नकदी मौजूद है। स्लरी पाइपलाइन अथवा बिजली संयंत्र जैसे छोटेमोटे अधिग्रहण के लिए कंपनी के पास पर्याप्त नकदी उपलब्ध है। आर्सेलरमित्तल ने एस्सार स्टील के अधिग्रहण के लिए 1.6 अरब डॉलर का इक्विटी योगदान किया था।

एम/एनएस इंडिया में आर्सेलरमित्तल की 60 फीसदी हिस्सेदारी है जबकि शेष 40 फीसदी हिस्सेदारी निप्पॉन स्टील के पास है। इस संयुक्त उद्यम में दोनों कंपनियों ने अपनी हिस्सेदारी के अनुपात में ही नकदी निवेश किया है।

ऐसा लगता है कि एम/एनएस इंडिया अपने इस्पात संयंत्र के लिए निजी इकाइयां हासिल करने की जबरदस्त कोशिश कर रही है। इस मामले के करीबी लोगों ने बताया कि इसका उद्देश्य 96 लाख टन इस्पात उत्पादन की क्षमता वाले इस संयंत्र को आत्मनिर्भर बनाना है।

# एलआईसी हाउसिंग का जल्द होगा विलय!

पृष्ठ 1 का शेष...

**एलआईसी** अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने से पहले एलआईसी आईडीबीआई बैंक में अपनी हिस्सेदारी कम करना चाहती है। समझा जा रहा है कि एलआईसी हाउसिंग का आईडीबीआई बैंक में विलय जल्द करने की यह भी एक वजह हो सकती है। आईडीबीआई बैंक में एलआईसी की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि एलआईसी हाउसिंग में इसका हिस्सा 40.13 प्रतिशत है। मौजूदा बाजार पूंजीकरण के अनुसार विलय के बाद अस्तित्व में आने वाली इकाई में एलआईसी की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत होगी।

इस पूरे मामले की जानकारी रखने वाले एक दूसरे सूत्र ने कहा, 'शेयर कीमतों में बड़ा बदलाव नहीं आने या एलआईसी हाउसिंग में हिस्सेदारी बेचने की जरूरत पेश नहीं होने की स्थिति में विलय पूरी तरह शेयरों के माध्यमों से होगा।' एक दूसरे सत्र ने कहा कि दो लगातार तिमाहियों में शुद्ध मुनाफा अर्जित करने के बाद आईडीबीआई बैंक जैसे ही पीसीए से बाहर आएगा वैसे ही एलआईसी विलय प्रक्रिया तेज कर देगी।


**Muthoot Finance**

**मुथूट होमफिन (इंडिया) लि.**
**कारपोरेट कार्यालय:** 1201 व 1202, 12वां तल, 'ए' विंग, लोटस कारपोरेट पार्क, ऑफ. वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (ईस्ट), मुंबई–400063

**कब्जा सूचना**

**(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)**

जैसे कि मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर एक मांग सूचना जारी की थी जिसमें कर्जदार **श्री आशीष कुमार गर्ग, श्रीमती गीतांजलि गर्ग** से सूचना दिनांकित 21.06.2019 में उल्लिखित राशि दिनांक 30.06.2019 तक **रु. 11,06,211/– (रुपये ग्यारह लाख छह हजार दो सौ ग्यारह मात्र)** को इस पर अनुबंधित दर से ब्याज और 24% वार्षिक की दर से दंड स्वरूप ब्याज, प्रभारों, लागतों आदि सहित उक्त सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अन्दर अदा करने के लिए कहा गया।

कर्जदार के राशि अदा करने में असफल रहने पर विशेष रूप से कर्जदार और सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे वर्णित संपत्ति का **14 फरवरी, 2020** को कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और सर्व जन को सामान्य रूप में संपत्ति से कोई भी लेन–देन न करने के लिए आगाह किया जाता है तथा इस संपत्ति के साथ कोई भी लेन–देन राशि **रु. 11,06,211/– (रुपये ग्यारह लाख छह हजार दो सौ ग्यारह मात्र)** और इस पर 01.07.2019 से ब्याज और 24% की दर से दंड स्वरूप ब्याज, प्रभारों, लागतों आदि के लिए मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

उपलब्ध समय के संबंध में प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को मुक्त कराने के लिए अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों में कर्जदारों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

अचल संपत्तियाँ: गांव– बिलकिसगंज, तहसील व जिला सिहोर, मध्य प्रदेश–466111 स्थित प्लॉट नं. 60, माप 1200 वर्ग फुट, ख. नं. 511/5, 512/1, 511/4, 512/2 का भाग, के समस्त भाग व खंड। अधिक विवरण उप पंजीयक सिहोर के कार्यालय में पंजीकृत बिक्री विलेख पंजीकरण सं. एमपी350372018ए1039033 दिनांकित 17.01.2018 में उल्लिखित है।

संपत्ति निम्नवत् परिबद्ध– **उत्तर:** प्लॉट नं. 59 **दक्षिण:** प्लॉट नं. 61
**पूर्व:** 15' रोड **पश्चिम:** प्लॉट नं. 67

दिनांक: 14.02.2020
स्थान : मध्य प्रदेश

**प्राधिकृत अधिकारी**
**मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड**



**एनएमडीसी लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उद्यम)**
**10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद–500 028**
**टेलीफोन: 040–23536710, 23538713 से 23538721 एक्स.: 138/270/249**
**फैक्स: 23538781 ईमेल:** csreddy@nmdc.co.in; jpsingh@nmdc.co.in; bmkumar@nmdc.co.in
**सीआईएन: एल13100टीजी1958जीओआई001674**

**वैश्विक निविदा सूचना**

एनएमडीसी लि., बीआईओएम, बचेली कॉम्पलैक्स, दांतेवाड़ा (जिला), छत्तीसगढ़ (राज्य), भारत के लिए निम्नलिखित मदों हेतु भारत में प्रख्यात निर्माताओं से सीधे अथवा उनके मान्यता प्राप्त एजेंटों से ई–प्रापण मोड से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित हैं:

| क्र. सं. | निविदा सं. और तारीख | मदों का विवरण | मात्रा (सं.) | निविदा दस्तावेज का प्रदर्शन एवं बिक्री अवधि | प्रस्ताव जमा करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय | निविदा शुल्क ₹/यूएस$ | धरोहर राशि जमा ₹/यूएस$ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचक्यूएमएम/2038–19/00ए132/357 दि. 15.02.2020 | तकनीकी विनिर्देशनों के अनुसार 100 टन क्षमता, बीएच100एस मॉडल, बीईएमएल मेक डंपर के लिए उचित 01 नग नया इंजन एसी. | 01 | 17.02.2020 से 14.03.2020 | 14.03.2020 अप. 2.30 तक (भा.मा.स.) | ₹ 5900/– यूएस$ 100 | ₹ 200000/– यूएस$ 2900 |
| 2 | एचक्यूएमएम/2039–19/32ए13/358 दि. 15.02.2020 | तकनीकी विनिर्देशनों के अनुसार 100 टन क्षमता, बीएच100एस मॉडल, बीईएमएल मेक डंपर के लिए उचित 01 नग नया ट्रांसमिशन एसी. | 01 | 17.02.2020 से 14.03.2020 | 14.03.2020 अप. 2.30 तक (भा.मा.स.) | ₹ 5900/– यूएस$ 100 | ₹ 200000/– यूएस$ 2900 |

पूर्ण निविदा दस्तावेज वेबसाइट: www.nmdc.co.in के ई–प्रापण सेक्शन; www.mstcecommerce.com/eprochome; http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है।

**उपर्युक्त निविदा में यदि कोई शुद्धिपत्र होता है तो यह केवल हमारी वेबसाइट** www.nmdc.co.in **पर अपलोड किया जायेगा और उसका समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। संभावी निविदाकार शुद्धिपत्र यदि कोई हो, को नोट करने के लिए समय–समय पर हमारी वेबसाइट देखते रहें।**

अधिक विवरण के लिए कृपया ई–प्रापण सेक्शन के तहत हमारी वेबसाइट www.nmdc.co.in का निविदा सेक्शन देखें।

**महाप्रबंधक (सामग्री)**



**बिज़नेस स्टैंडर्ड**
भोपाल संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटिड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा नई दुनिया न्यूज़ ऐंड नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड, 23/4-23/5, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर-डी, सीपेट हॉस्टल के पास, भोपाल, म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं मानव निकेत, प्रथम तल, प्लॉट नं. 30, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम पी नगर, ज़ोन-1, भोपाल, म.प्र. 462011 से प्रकाशित
**संपादक: कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० MPHIN/2008/24603
पाठक संपादक को **lettershindi@bsmail.in** पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन- 0755-4064605-7 फैक्स -0755-4064670
सब्सक्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया सम्पर्क करें..
**सुश्री मानसी सिंह**
हेड कस्टमर रिलेशन्स
**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड,** एच/4 एवं आई/3, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013
ई मेल.. **subs_bs@bsmail.in**
या 57007 पर एसएमएस करें **SUB BS**



**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मैं0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।
**कोई हवाई अधिभार नहीं**



**PARVATI SWEETNERS AND POWER LIMITED**
**CIN : L15421MP2011PLC027287**
**Regd. Off.: Hall No. 2. Shopping Complex, Gomantika Parisar, Jawahar Chowk, Bhopal- 462003**

**Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and period ended as on 31st December, 2019**

(₹ in Lakhs)

| | PARTICULARS | Quarter Ended: 3 Months ended | Quarter Ended: Corresponding 3 months ended in the previous year | Standalone Half Year Ended: Year to date figures for nine months ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 31 Dec. 2019 | 31 Dec. 2018 | 31 Dec. 2019 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited |
| 1. | Revenue from operations | 818.72 | 798.97 | 3585.12 |
| 2. | Other income | 2.96 | 2.02 | 6.22 |
| 3. | Total Revenue (1 + 2) | 821.68 | 800.99 | 3591.34 |
| 4. | Total Expenses | 803.50 | 527.73 | 3550.57 |
| 5. | Profit before exceptional item and tax (3 - 4) | 18.17 | 273.26 | 40.76 |
| 6. | Exceptional Item | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7. | Profit before tax (6-5) | 18.17 | 273.26 | 40.76 |
| 8. | Tax Expense | | | |
| | (1) Current Tax | 0.00 | -19.82 | 0.00 |
| | (2) Deferred Tax | 3.99 | 13.60 | 14.53 |
| 9. | Profit for the period (7-8) | 14.18 | 279.48 | 26.23 |
| 10. | Paid-up equity share capital (Face value per share of ₹ 5/- each) | 3542.70 | 3542.70 | 3542.70 |
| 11. | Earnings per equity share (not annualised for quarter) | | | |
| | (1) Basic | 0.02 | 0.39 | 0.04 |
| | (2) Diluted | 0.02 | 0.39 | 0.04 |

**Notes: (1)** The statement of unaudited financial results for the quarter ended Dec. 31, 2019 has been reviewed by the audit committee and approved by the board of directors at their respective meeting held on February 14, 2020. The statutory auditors of Parvati Sweetners and Power Limited ('the Company') have carried out limited review of above results in terms of regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) regulations, 2015. **(2)** Figures of the previous periods have been regrouped and reclassified where ever necessary and feasible, in order to make them comparable. **(3)** The company is engaged in only one segment viz manufacturing of sugar, as such there is no separate reportable segment as per the Ind AS 108 Operating Segment.

**For & on behalf of the Board of Directors**
**Parvati Sweetners and Power Limited**
**Sd/-**
**POONAM CHOUKSEY, (Managing Director)**
**DIN: 02110270**

**Place: Bhopal**
**Date: 14.02.2020**



# छोटी बाइक पर सवार होकर भारत में बिक्री को रफ्तार देगी हार्ली

**पवन लाल**
मुंबई, 16 फरवरी

**प्रीमियम** बाइक बाजार की अग्रणी कंपनी हार्ली-डेविडसन अगले दशक में छोटी बाइक बाजार में दस्तक देने की तैयारी कर रही है। इसके जरिये कंपनी भारतीय बाजार में अपनी बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है। अपने वैश्विक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने हालिया तिमाही वित्तीय नतीजों में संकेत दिया है कि वह 100 नई 'हाई-इम्पैक्ट' बाइक उतारेगी।



संजीव राधाकृष्णन, प्रबंध निदेशक, हार्ली-डेविडसन इंडिया




स्रोत : सायम

हार्ली-डेविडसन इंडिया के प्रबंध निदेशक संजीव राजशेखरन ने यह खुलासा नहीं किया कि भारत में कंपनी 100 नए मॉडलों में से किसे उतारेगी, लेकिन कहा कि अगले दशक में कंपनी नई श्रेणियों पर ध्यान केंद्रित करेगी जिसमें छोटी और एडवेंचर बाइक शामिल हैं। वे बाइक सामान्य तौर पर युवाओं द्वारा रोजाना इस्तेमाल होने वाली होंगी जबकि कंपनी ऐतिहासिक तौर पर बड़ी और लंबी दूरी की बाइक बनाती रही है।

यह पहल कंपनी की उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत उसने अपने अंतरराष्ट्रीय कारोबार को मौजूदा करीब 40 फीसदी से बढ़ाकर 2027 तक 50 करने की योजना बनाई है। पिछली वित्त वर्ष के दौरान हार्ली ने 4.5 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया और उसने चीन के लिए अपनी छोटी मोटरसाइकिल तैयार की है। कंपनी 338-सीसी क्षमता वाली उस बाइक की बिक्री इस साल के आखिर से शुरू होगी। संयोग से आसियान बाजार में नई अंतरराष्ट्रीय खुदरा बिक्री सबसे अधिक है और पिछले साल उसने 6.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की जबकि ईएमईए यानी यूरोप, पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका क्षेत्र में वृद्धि महज 2.3 फीसदी रही।

पिछले दशक में हार्ली-डेविडसन इंडिया ने 25,000 बाइक की बिक्री की। जबकि 2019 में भारतीय बाजार में बिकने वाली कुल 2,18,000 बाइक के मुकाबले यह आंकड़ा मामूली है। यदि शुल्क दरों में कटौती की गई और कंपनी छोटी बाइक, इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं ई-साइकिल जैसी श्रेणियों में दस्तक देती है तो उसकी बिक्री रफ्तार बढ़ सकती है। अमेरिका में कंपनी का सकल मार्जिन 25 फीसदी है जबकि भारत में शुल्क ढांचा बड़ी बाइक के लिए करीब 50 फीसदी और छोटी बाइक के लिए 15 फीसदी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने आयातित मोटरसाइकिल पर अधिक शुल्क दर (100 फीसदी) के मुद्दे पर टिप्पणी की थी जिसके बाद उसे घटाकर 50 फीसदी कर दिया गया था।

विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के आखिर में अपनी मुलाकात के दौरान शुल्क ढांचे में संशोधन के मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। राजशेखरन ने कहा कि हार्ली के खरीदारों के लिए बुनियादी ढांचा एक बड़ी चुनौती है लेकिन उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकतर बाइक लंबी दूरी की सवारी के लिहाज से बनाई गई है और उसके लिए आपको बेहतर राजमार्ग एवं सड़कों की जरूरत होगी।' उन्होंने कहा कि सरकार ने 90,000 किलोमीटर राजमार्ग एवं सड़क बनाने का संकेत दिया है। करीब 40,000 किलोमीटर का निर्माण पहले ही किया जा चुका है और 50,000 किलोमीटर सड़क बनने से पांसा पलट सकता है।

कंपनी भारत में चार उत्पाद श्रेणियों- स्ट्रीट, स्पोर्टस्टर, सॉफ्टेल और टूरिंग- में 14 मोटरसाइकिल बेचती है। इसके अलावा वह मूल उपकरण, कलपुर्जे आदि की भी बिक्री करती है जो उसके 33 प्राधिकृत डीलरशिप पर उपलब्ध हैं।